दिन– रविवार दिनांक– 02 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट को भारत की प्रगति के लिए परिवर्तनकारी बताया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा को गति देने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री मोदी ने कहा कि यह बजट एआई, खिलौना उत्पाद कृषि, फुटवियर, खाद्य प्रसंस्करण और गिग अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में नवाचार, उद्यमिता तथा सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट देश में बचत, निवेश, खपत और विकास को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट कृषि क्षेत्र को सशक्त करेगा।

————————————————————

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्रीय बजट कृषि, ग्रामीण समृद्धि तथा शहरी विकास पर केंद्रित है और इसमें लगातार सुधारों पर जोर दिया गया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने के कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा के हितों को प्राथमिकता दी गई है।

————————————————————

केंद्रीय बजट को विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। व्यापार, उद्योग विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और आम लोगों ने मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रस्तावों की सराहना की है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस सेट्टी ने कहा कि बजट ने भारत को एक नवाचार और ज्ञान–केंद्रित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत करते हुए भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ–फिक्की के अध्यक्ष

हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि बजट प्रस्तावों से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी और सभी क्षेत्रों में मांग में सुधार होने से निजी क्षेत्र कि निवेश योजनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए है। राज्य में मखाना बोर्ड के गठन, आईआईटी पटना में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और पटना तथा बिहटा में एयरपोर्ट के विस्तार सहित अन्य योजनाओं की सौगात दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमान ने कहा है कि बजट में बिहार के लिए जो घोषणाएं की गई हैं उससे राज्य के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में आज बांका में तीन सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ पचास से अधिक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबरचक में प्रदेश के पहले स्मार्ट गांव की सौगात जिलावासियों को दी। मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक भी की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन में बिहार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। श्री पांडेय ने यह बातें आज पटना में आयोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बिहार कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में चार करोड़ तीस लाख आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बन चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार आयुष्मान कार्ड बनाने वाले शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है।

———————————————————————

भारत की महिला अंडर नाइनटीन क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकटों से हराकर टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। मलेशिया में हुए फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले खेलते हुए बियासी रनों पर सिमट गई। जवाब में भारतीय टीम ने ग्यारह दशमलव दो ओवर में एक विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। महिला अंडर नाइनटीन क्रिकेट टीम की टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप में यह लगातार दूसरी जीत है।

————————————————————————

समाप्त